# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 17 जनवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 18 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में बीजेपी की बंपर जीत

**● 29 में 23 नगर निगमों में बीजेपी और सहयोगियों का कब्जा ● मुंबई-नागपुर-पुणे सभी बड़े शहर फतह, लातूर-चंद्रपुर में कांग्रेस को बहुमत**





मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन को एकतरफा जीत मिली है। 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को जीत मिली है। मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपड़ी चिड़वाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन जीत रहा है। लातूर और चंद्रपुर में कांग्रेस को जीत मिली है। परभणी नगर निगम में शिवसेना (उद्धव) को बढ़त है। वसई विरार में बहुजन विकास अघाड़ी और मालेगांव में शिवसेना (शिंदे) आगे चल रही है। शुक्रवार को नगर निगम चुनाव की सुबह 10 से काउंटिंग शुरू हुई। राज्य में निगम चुनाव के लिए 15 जनवरी को वोटिंग हुई थी। 893 वार्डों में कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर निगम की कुल 2869 सीटें हैं। इनमें से 68 उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुके हैं।

## तरुण चुघ बोले- महाराष्ट्र की जनता ने पीएम मोदी को आशीर्वाद दिया

महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा- आज जश्न का दिन है। महाराष्ट्र में सभी नगर समितियों और नगर निगमों के लोगों ने पीएम मोदी की नीतियों, उनके राष्ट्रवाद और विकसित भारत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत साफ दिखाती है कि लोग पाकिस्तान की सेना के धुन पर नाचने वालों को अपने वोटों से सबक सिखा रहे हैं। यह नतीजा राष्ट्रवादी ताकतों की जीत है। महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन को मिली बढ़त पर भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि- आप सभी ने देखा कि आज बीजेपी गठबंधन ने बीएमसी चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। यह दिखाता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी और एनडीए की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने केरल नगर निगम चुनावों में तिरुवनंतपुरम में पहली बार बहुमत हासिल किया।

## मुंबई में नवाब ने बनाया फकीर!

मुंबई बीएमसी चुनावों में अजित पवार ने पार्टी के दिग्गज नेता नवाब मलिक को कमान सौंपी थी। इसी वजह से उनकी बीजेपी से तनातनी बढ़ी थी लेकिन अकेले चुनाव लड़ने का फैसला भारी पड़ा। मुंबई में किंगमेकर बनने का दावा कर रहे नवाब मलिक की अगुवाई में पार्टी एनसीपी तीस सीटों के टारगेट के सामने सिर्फ गिनती की सीटें ही जीत पाई। नवाब मलिक के भाई भी चुनाव हार गए।

## अजित पवार के दोनों गढ़ में खिला कमल

महाराष्ट्र में मुंबई से लेकर पश्चिम महाराष्ट्र तक बीजेपी की लहर सामने आई है। राज्य में बीजेपी की अगुवाई वाली महायुति सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार को इन चुनावों में तगड़ा झटका लगा है। अजित पवार की पार्टी ने महायुति को छोड़कर मुंबई में जहां अकेले चुनाव लड़ा था तो वहीं पार्टी ने अपने मजबूत गढ़ पुणे, पिंपरी चिंचवड में वापसी के लिए चाचा (शरद पवार) की अगुवाई वाली एनसीपी से हाथ मिलाया था।



इसके बाद सुप्रिया सुले और अजित पवार एक मंच पर सामने आए थे। शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने भी पुणे और पिंपरी चिंचवड में खूब चुनाव प्रचार किया था, लेकिन चुनाव नतीजों में दोनों स्थानों पर बीजेपी सत्ता हासिल करने में सफल रही है। पुणे में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है तो वहीं दूसरी एनसीपी का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है।

# गालीबाजी, लुंगी-पुंगी, कुछ नहीं आया काम



## नफरती पॉलिटिक्स के 'हीरो' राज ठाकरे की राजनीति खत्म?

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र निकाय चुनाव 2026 के नतीजे आ गए हैं। बीजेपी ने विधानसभा चुनाव की तरह ही प्रचंड जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति को नया संदेश गया है। नफरती पॉलिटिक्स हीरो रहे राज ठाकरे निकाय चुनाव में खत्म हो गए हैं। मनसे मुंबई महानगरपालिका में तीन से चार सीटें जीतती दिख रही है। मराठी अस्मिता के नाम पर गालीबाजी और लुंगी-पुंगी करने वाले राज ठाकरे के नफरती पॉलिटिक्स को महाराष्ट्र की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उनके चक्कर में उद्धव ठाकरे के हाथ भी जल गए हैं। बीएमसी की सत्ता 30 साल बात उद्धव ठाकरे के हाथों से जा रही है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे की पहचान महाराष्ट्र की राजनीति में नफरती पॉलिटिक्स को लेकर ही रही है। मराठी अस्मिता के नाम पर गैर मराठियों के साथ मारपीट और गालीगलौज उनके कार्यकर्ताओं की पहचान रही। राजे ठाकरे अपनी सभाओं में खुद भी जुबान पर कंट्रोल नहीं कर पाते थे। निकाय चुनाव में प्रचार के दौरान कहा था कि यूपी-बिहार के लोगों को समझना चाहिए कि हिंदी आपकी भाषा नहीं है। मुझे भाषा से नफरत नहीं है। लेकिन अगर आप इसे थोपेंगे तो मैं लात मारूंगा। राज ठाकरे यही नहीं रुके थे। उन्होंने कहा था कि वो चारों तरफ से महाराष्ट्र आ रहे हैं और आपका हिस्सा छीन रहे हैं। भाषा चली गई तो आप खत्म हो जाएंगे।

# राहुल गांधी आज इंदौर में हादसे के प्रभावित परिवारों से करेंगे मुलाकात

इंदौर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज शनिवार को इंदौर आएंगे और भागीरथपुरा हादसे से प्रभावित परिवारों से मिलने का कार्यक्रम तय है। हालांकि, प्रशासन ने उन्हें गली-गली जाकर लोगों से मिलने की अनुमति नहीं दी है। इस कारण राहुल गांधी केवल चुनिंदा प्रभावित परिवारों से ही मुलाकात कर सकेंगे।



दरअसल, कांग्रेस द्वारा 11 जनवरी को आयोजित की गई न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी का आगमन पहले भी योजना में था, लेकिन अन्य कार्यक्रमों के चलते वे उस समय इंदौर नहीं पहुंच सके थे। न्याय यात्रा के दौरान लोगों द्वारा घटनास्थल पर आक्रोश व्यक्त करने और बड़ी भीड़ जमा होने की जानकारी मिलने के बाद राहुल गांधी का 17 जनवरी को इंदौर आगमन का शेड्यूल फाइनल किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की टीम कल रात इंदौर पहुंच चुकी है।

आज इस टीम द्वारा राहुल गांधी के दौरे के मार्ग की जांच और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से सुबह 11 बजे इंदौर पहुंचेंगे। विमानतल से सीधे वे बांबे हॉस्पिटल पहुंचेंगे, जहां भागीरथपुरा हादसे में घायल आठ व्यक्ति उपचाराधीन हैं। इनमें से दो मरीज आईसीयू में वेंटिलेटर पर हैं और छह वार्ड में भर्ती हैं। राहुल गांधी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती मरीजों के परिजनों और वार्ड में भर्ती मरीजों से मुलाकात करेंगे। इस दौरे का उद्देश्य प्रभावित परिवारों के हालचाल जानना और उनके साथ समर्थन एवं संवाद स्थापित करना बताया गया है। प्रशासन ने सुरक्षा के कारण यह सुनिश्चित किया है कि मुलाकात नियंत्रित और व्यवस्थित तरीके से ही हो।

# हाई-डोज निमेसुलाइड पर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

## 100 mg से अधिक मात्रा वाली खाने की दवाओं पर देशभर में तत्काल रोक

**रिपोर्ट: शिवि शुक्ला | रणजीत टाइम्स**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जनहित में एक बड़ा और अहम फैसला लेते हुए दर्द व बुखार में इस्तेमाल होने वाली दवा निमेसुलाइड की 100 मिलीग्राम से अधिक मात्रा वाली ओरल (खाने वाली) इमीडिएट-रिलीज दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 26A के तहत जारी किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हाई-डोज निमेसुलाइड मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, जबकि बाजार में इसके ज्यादा सुरक्षित विकल्प पहले से उपलब्ध हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह सख्त कदम उठाया है।




### क्यों लिया गया यह फैसला?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और तकनीकी समितियों की समीक्षा में सामने आया कि 100 mg से अधिक मात्रा वाली निमेसुलाइड से लिवर और किडनी पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने की प्रवृत्ति को देखते हुए सरकार ने इसे जनस्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण माना। हाई-डोज निमेसुलाइड से होने वाले संभावित नुकसान लिवर को गंभीर नुकसान (Hepatotoxicity) पीलिया, लिवर फेलियर, लगातार थकान और गहरे रंग का मूत्र किडनी पर असर तीव्र या पुरानी किडनी फेलियर का खतरा पेट संबंधी समस्याएं पेट दर्द, उल्टी, दस्त, गैस और जलन अन्य दुष्प्रभाव चक्कर आना, सिरदर्द, खुजली और त्वचा पर चकत्ते दवा कंपनियों के लिए सख्त निर्देश

### अधिसूचना के अनुसार

जिन कंपनियों की 100 mg से अधिक डोज वाली निमेसुलाइड दवाएं बाजार में हैं, उन्हें तुरंत उत्पादन बंद करना होगा। बाजार में मौजूद सभी प्रभावित बैचों को रिकॉल (वापस मंगाना) अनिवार्य होगा। यह आदेश पूरे देश में लागू रहेगा और उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता के लिए सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आम लोगों से अपील की है कि दर्द या बुखार में बिना डॉक्टर की सलाह के दवाएं न लें। यदि कोई व्यक्ति पहले से निमेसुलाइड का सेवन कर रहा है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर ही दवा बदलें या बंद करें। यह फैसला साफ संकेत देता है कि सरकार अब दवाओं की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करेगी और आम नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाती रहेगी।

---

# भागीरथपुरा कांड पर कांग्रेस का तीखा हमला, जिम्मेदारों के इस्तीफे की मांग

## मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी से रणजीत टाइम्स की खास बातचीत



**इंदौर।** भागीरथपुरा कांड को लेकर कांग्रेस का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी की रणजीत टाइम्स से बातचीत में सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

### रीना बौरासी ने कहा

"पिछले 15 दिनों से कांग्रेस पार्टी इस मामले में लगातार एक्टिवली कार्य कर रही है। 25 दिसंबर को ही 8 लोगों की मौत हो चुकी थी। हम 5 महीने के उस बच्चे के परिवार से मिलने गए, जिसकी मौत सरकार की लापरवाही के कारण हुई। 11 साल बाद जन्मे उस बच्चे की मौत हो गई उनके परिवार का चिराग बुझ गया उन्होंने कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं बल्कि सरकार की लापरवाही से हुआ जनसंहार है। "अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से ज्यादा लोग आज भी अस्पताल में भर्ती हैं, बीमार हैं।" रीना बौरासी ने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावटी कार्रवाई कर रही है।"छोटे अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया, कुछ के ट्रांसफर कर दिए गए, लेकिन जो असली दोषी हैं, वे अब तक इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे?"

### उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा

"जिन लोगों की लापरवाही से यह कांड हुआ, उन्हें अपने पद से तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। यह देश, मध्यप्रदेश और इंदौर देख रहा है पूरा देश देख रहा है।" महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ हर मोर्चे पर खड़ी है। "दुख और तकलीफ में कांग्रेस के हर विभाग ने आंदोलन किया है और आगे भी करेगा।" रीना बौरासी ने राहुल गांधी के आगमन पर रोक को लेकर भी सवाल खड़े किए। "राहुल जी के आगमन पर बैठक लगा दी गई थी । हमारे कई पार्षद आने वाले थे। सवाल यह है कि आखिर गुनहगारों को क्यों बचाया जा रहा है? अगर राहुल गांधी आते और बैठक होती तो सारी पोल खुल जाती।" उन्होंने कहा कि यह मामला केवल भागीरथपुरा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे इंदौर का है। "इंदौर में गंदा पानी आ रहा है। क्या सरकार की नजरों में पानी की कोई कीमत नहीं है?"

### अंत में रीना बौरासी ने कहा

"इस्तीफा देना ही चाहिए। जिनकी वजह से यह कांड हुआ, उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।"

---

# हॉकी फीडर सेंटर धार के खिलाड़ी को सम्मानित




### दिलीप पाटीदार

धार पुलिस लाईन धार में संचालित हॉकी फीडर सेंटर की खिलाड़ी कु. राग्यश्री बामनिया ने शालेय राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में म.प्र. का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक प्राप्त किया एवं कु. दुर्गेश्वरी राठौर ने अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता पुणे (महाराष्ट्र) में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर का प्रतिनिधित्व किया। दोनों खिलाड़ियों को उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री मंयक अवस्थी द्वारा उच्च स्तरीय अल्फा ए-एक्स 5 हॉकी स्टीक, शूज, प्रमाण पत्र, मेडल, बुके एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित कर दोनों खिलाड़ियों को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित कर बधाई प्रेषित की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खिलाड़ियों को उच्च स्तर की खेल सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जावें, जिससे खिलाड़ी प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर आनंद तिवारी, डी.एस.पी. ए.जे.के., पुरूषोत्तम बिश्नोई, रक्षित निरीक्षक, राजेश शाक्य, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, मनीष सोलंकी, हॉकी प्रशिक्षक उपस्थित रहें।

इंदौर

इंदौर, शनिवार 17 जनवरी 2026

रणजीत टाइम्स



# मनोज परमार की अपील पर मानवता जीती, भिक्षुकों ने भी खोला दिल

## SMA पीड़ित 3 वर्षीय अनिका के इलाज के लिए समाज ने पेश की एकजुटता की मिसाल

**आदित्य शर्मा**

स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (SMA) टाइप–2 जैसी अत्यंत गंभीर और दुर्लभ बीमारी से जूझ रही 3 वर्षीय मासूम अनिका शर्मा के इलाज के लिए समाज के हर वर्ग ने आगे आकर मानवता की मिसाल पेश की है। अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ द्वारा अनिका के उपचार हेतु 2 लाख 51 हजार रुपये की सहयोग राशि एकत्र कर परिवार को सौंपी गई, जो सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भाव का सशक्त उदाहरण है। जानकारी के अनुसार, अनिका शर्मा जन्म से ही SMA टाइप–2 बीमारी से पीड़ित है। यह बीमारी शरीर की मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर कर देती है और इसके इलाज में करोड़ों रुपये तक का खर्च आता है। अनिका का परिवार आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर है, ऐसे में इतने महंगे इलाज की व्यवस्था करना उनके लिए लगभग असंभव हो गया था। परिवार की इस पीड़ा को देखते हुए अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दलित समाज के प्रखर नेता मनोज परमार ने 14 जनवरी, मकर संक्रांति के पावन अवसर पर इंदौर में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम के मंच से समाज से भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि यदि



समय रहते अनिका को इलाज नहीं मिला तो उसका जीवन खतरे में पड़ सकता है। मनोज परमार की यह अपील समाज के दिलों तक तुरंत पहुंची। अन्नपूर्णा मंदिर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध रणजीत हनुमान मंदिर एवं साईं बाबा मंदिर परिसर में बैठने वाले भिक्षुकों, दैनिक श्रमिकों, मध्यमवर्गीय परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने भी बढ़-चढ़कर दान दिया। कई भिक्षुकों ने अपनी रोज की कमाई से मदद करते हुए भावुक शब्दों में कहा, “जब हम जैसे गरीब लोग अपनी रोज़ी-रोटी में से हिस्सा निकाल सकते हैं, तो संपन्न वर्ग को भी आगे आकर ऐसे मासूम की जान बचानी चाहिए।” इसी सामाजिक चेतना, करुणा और सेवा भाव के चलते 2.51 लाख रुपये की राशि एकत्र कर अनिका के इलाज के लिए सौंप दी गई। इस अवसर पर मनोज परमार ने कहा, “समाज तभी सशक्त बनता है जब वह अपने सबसे कमजोर सदस्य का हाथ थामता है। अनिका सिर्फ एक परिवार की बेटी नहीं, बल्कि पूरे समाज की बेटी है।”

उन्होंने समाज के सक्षम और संपन्न लोगों से आगे आने की अपील करते हुए कहा कि अनिका के इलाज में हर दिन कीमती है और समय पर सहयोग ही उसकी जिंदगी को सुरक्षित कर सकता है। यह पूरा घटनाक्रम समाज में मानवता, संवेदनशीलता, करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है, जिसने यह साबित कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

## हनुमान की तरह असंभव काम को संभव करते हैं पंचायत सचिव

- सीएम की घोषणा, 62 वर्ष में होगा सचिवों का रिटायरमेंट,संविलियन के लिए बनेगी कमेटी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सच्चे अर्थों में भारत की आत्मा गांवों में वास करती है। महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा- अगर भारत को आगे बढ़ाना है तो गांव, किसान और गरीब की प्रगति पर ध्यान देना होगा, देश अपने आप आगे बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बेरोजगारों के हाथों में काम देकर उनके सपनों को साकार करने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण अंचलों में छोटे–छोटे कारखाने और उद्योग लगेंगे तो देश स्वत: प्रगति करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब, महिला, युवा और किसान इन चार वर्गों को केंद्र में रखकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में काम किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में सबसे मजबूत इकाई पंचायत है और उसकी आत्मा पंचायत सचिव हैं। चाहे कितना ही बड़ा आईएएस अधिकारी क्यों न हो, प्रधानमंत्री या राज्य सरकार का निर्णय—सबका वास्तविक क्रियान्वयन पंचायत स्तर पर ही होता है। उन्होंने कहा, भगवान राम के समय जो असंभव कार्य हनुमान जी करते थे, आज वही काम हमारे पंचायत सचिव करते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल गंगा अभियान, हर घर जल योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत सचिवों के माध्यम से ही होता है। कई बार लोग अपने परिवार से अधिक भरोसा पंचायत सचिव पर करते हैं।



## एमपी में लाडली बहनों के खाते में आ गई राशि

### सीएम ने 1.25 करोड़ महिलाओं के खाते में ट्रांसफर किए 1836 करोड़ रुपए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में ढाई साल के अंतराल में 5 लाख 70 हजार से अधिक महिलाओं के नाम बाहर हो गए हैं। अब इस योजना में पात्र महिलाओं की संख्या 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार ही रह गई है। एक साल के अंतराल में इस योजना में एक लाख से अधिक नाम कम हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योजना के लिए पात्र बचीं महिलाओं के खातों में शुक्रवार को 1500 रुपए के मान से 1836 करोड़ से अधिक की रकम ट्रांसफर की। वे लाड़ली बहना योजना की 32वीं किस्त जारी करने नर्मदापुरम के माखननगर पहुंचे थे। उनका यहां पतंग उड़ाने का कार्यक्रम भी था, लेकिन वह रद्द हो गया। इस योजना में पहले 1250 रुपए दिए जाते थे, लेकिन नवंबर 2025 से 250 रुपए बढ़ाकर 1500 रुपए दिए जा रहे हैं।

इसके बाद राज्य सरकार पर हर माह 300 करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय भार बढ़ा है। अक्टूबर 2025 तक 1500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि योजना में एक साथ ट्रांसफर होती थी, जो दिसंबर 2025 में 1850 करोड़ रुपए से अधिक तक पहुंच गई थी।

### नितिन नवीन के भाजपा अध्यक्ष बनने की आ गई तारीख

# पार्टी ने जारी किया पूरा शेड्यूल 20 जनवरी को होगी घोषणा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीख की घोषणा हो गई है। पार्टी ने बताया है कि निर्वाचन की प्रक्रिया 19 जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी 2026 तक पूरी होगी। बीजेपी ने शुक्रवार को पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव का विस्तृत शेड्यूल भी जारी किया है।

इससे पहले बिहार के पांच बार के विधायक को बीते 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब चुनाव के तारीखों के बाद उनके निर्विरोध चुने जाने की



संभावना है क्योंकि पार्टी के किसी अन्य नेता की दावेदारी की संभावना नहीं के बराबर है। पार्टी ने राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा सांसद के लक्ष्मण द्वारा जारी किए गए चुनाव शेड्यूल के मुताबिक भाजपा चीफ के चुनाव के लिए नॉमिनेशन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच भरे जा सकते हैं और उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। उम्मीदवारों के नामांकन पत्र के साथ दस्तावेजों की जांच 19 जनवरी को शाम 4 बजे से 5 बजे के बीच की जाएगी। लक्ष्मण ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को वोटिंग होगी और उसी दिन नए चुने गए भाजपा अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया पार्टी हेडक्वार्टर में ही होगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दिवंगत नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे नितिन नवीन एक तेज-तर्रार, वैचारिक रूप से दृढ़ और संगठन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं।

## डीआरजी दंपति समेत 40 मकानों पर चला बुलडोजर

- 35 और टूटेंगे, बीजापुर में रोते-रोते लोगों ने छोड़ा अपना घर
- बोले-प्रशासन घर तोड़ रहा, गांव जाएंगे तो नक्सली मार देंगे

**बीजापुर (एजेंसी)।** बीजापुर में न्यू बस स्टैंड के पीछे अब तक 40 अवैध मकान ढहाए जा चुके हैं और कार्रवाई लगातार जारी है। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड दंपति का घर भी तोड़ा गया, जबकि जवान नाइट ड्यूटी पर था। घर में मौजूद उसकी पत्नी के मुताबिक, वे यहां 2006 से रह रहे हैं, और गांव में उनके पास कोई घर नहीं है। कार्रवाई के दौरान कई महिलाओं की रोती हुई तस्वीरें भी सामने आई हैं। महिलाएं सवाल कर रही थीं- हम कहां जाएंगे। पीड़ित गंगा माड़वी का कहना है कि वे अपने परिवार के साथ पिछले 4 सालों से यहां रह रहे हैं।



नक्सली हिंसा के कारण वे अपने गांव को छोड़कर यहां आए थे। प्रशासन से बातचीत के बाद उन्होंने घर बनाया और नियमित रूप से टैक्स भी जमा कर रहे थे। अब प्रशासन घरों को तोड़ रहा है। गांव वापस गए तो नक्सली मार देंगे।

## बुराड़ी में देर रात मुठभेड़, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटर दबोचे गए

राजधानी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब उत्तरी जिले की एंटी नारकोटिक्स टीम और कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई में पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े दो शूटरों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में एक शूटर के पैर में गोली लगी, जबकि जवाबी कार्रवाई के दौरान एक पुलिस सिपाही को भी गोली लगी। हालांकि, पुलिसकर्मी बुलेटप्रूफ जैकेट पहने हुए था, जिससे उसकी जान बच गई और वह पूरी तरह सुरक्षित है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पकड़े गए दोनों आरोपी हाल के दिनों में पश्चिम विहार इलाके में स्थित एक सोशल मीडिया प्रभावक के आरके फिटनेस जिम और पूर्वी दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर इलाके में एक कारोबारी पर हुई फायरिंग की घटनाओं में सीधे तौर पर शामिल थे। इन दोनों घटनाओं का मकसद पीड़ितों को डराकर उनसे रंगदारी वसूलना था। जांच में यह भी सामने आया है कि इन वारदातों के बाद विदेश में बैठे लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्यों ने सोशल मीडिया के जरिए इन हमलों की जिम्मेदारी ली थी, जिससे साफ हो गया था कि दिल्ली में गैंग का नेटवर्क सक्रिय है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए दोनों शूटर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निर्देश पर काम कर रहे थे और उन्हें बाहर बैठे गैंग संचालकों से सीधे आदेश मिल रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस अब गैंग के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों को हथियार कहां से मिले, दिल्ली में इनके संपर्क में और कौन-कौन लोग हैं। और गैंग को स्थानीय स्तर पर कौन मदद पहुंचा रहा है। इस मुठभेड़ को दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, क्योंकि इससे पहले इन शूटरों के जरिए राजधानी में दहशत फैलाने और रंगदारी के मामलों को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दिल्ली नेटवर्क पर बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है।

# ग्राम पंचायत एमागिर्द में अवैध अतिरिक्त कार्यालय बंद, सचिव निलंबित

## शिकायतकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह की शिकायत पर त्वरित करवाई

**महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स**

बुरहानपुर ।जिले की ग्राम पंचायत एमागिर्द में लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार और गैरकानूनी गतिविधियों का आज एक बड़ा पर्दाफाश हुआ है। जनपद पंचायत बुरहानपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को शिकायतकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह ने मौके पर बुलवाकर सिंधी बस्ती बायपास रोड पर संचालित एक अवैध अतिरिक्त ग्राम पंचायत कार्यालय को बताया जिसे तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया है। इस कार्यालय में सरपंच अब्दुल शाहिद और सचिव फिरोज तडवी द्वारा विभिन्न भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यों का संचालन किया जा रहा था, जिसकी शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह द्वारा की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान सभी फाइलें, दस्तावेज और कागजात जब्त कर लिए गए हैं, तथा पंचायत सचिव फिरोज तडवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ठाकुर प्रियांक सिंह ने कहा यह मामला ग्रामीण प्रशासन में पारदर्शिता और कानूनी प्रावधानों की घोर अवहेलना का एक स्पष्ट उदाहरण है। ग्राम पंचायत एमागिर्द का आधिकारिक सरकारी कार्यालय पहले से ग्राम लोधीपुरा में स्थापित है, जहां सभी सरकारी कार्यों का संचालन होना चाहिए। हालांकि, सरपंच अब्दुल शाहिद और सचिव फिरोज तडवी ने सिंधी बस्ती बायपास रोड पर एक अतिरिक्त कार्यालय स्थापित कर रखा था, जो पूरी तरह से गैरकानूनी था। सरकारी नियमों और प्रावधानों के अनुसार, किसी भी ग्राम पंचायत के लिए एक से अधिक कार्यालय स्थापित करने की कोई अनुमति नहीं है। इस अवैध कार्यालय में न केवल भ्रष्टाचारपूर्ण गतिविधियां चल रही थीं, बल्कि आधिकारिक सरकारी फाइलें और दस्तावेज भी यहां स्थानांतरित कर रखे गए थे, जो सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का गंभीर मामला है।

शिकायतकर्ता ठाकुर प्रियांक सिंह, जो पिछले कई दिनों से स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से इस गैरकानूनी गतिविधि की सूचना प्राप्त कर रहे थे, ने इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने जनपद पंचायत बुरहानपुर के सीईओ को विस्तृत शिकायत दर्ज कराई और मौके पर जांच के लिए आमंत्रित किया। ठाकुर प्रियांक सिंह ने बताया कि यह अवैध कार्यालय ग्रामीण विकास योजनाओं, सरकारी अनुदानों और अन्य प्रशासनिक कार्यों में हेराफेरी का केंद्र बन चुका था। ग्रामीणों की शिकायतों के अनुसार, यहां से विभिन्न अनियमितताएं हो रही थीं, जैसे कि फर्जी लाभार्थियों की सूची तैयार करना, सरकारी फंडों का दुरुपयोग, और अन्य गैरकानूनी सौदेबाजियां। इस तरह की गतिविधियां न केवल ग्राम पंचायत की विश्वसनीयता को क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों के हक को भी छीनती हैं। आज की कार्रवाई में जनपद सीईओ द्वारा मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर की जांच की गई। अवैध कार्यालय में रखी गईं सभी फाइलें, रजिस्टर, कंप्यूटर डेटा और अन्य दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है, ताकि आगे की जांच में इनका उपयोग किया जा सके। सचिव फिरोज तडवी को उनके पद से तत्काल निलंबित कर दिया गया है, और सरपंच अब्दुल शाहिद के खिलाफ भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जनपद सीईओ ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि ग्रामीण प्रशासन में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और इसकी जांच उच्च स्तर पर की जाएगी। संभावित रूप से, इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो या अन्य जांच एजेंसियों को भी शामिल किया जा सकता है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

ठाकुर प्रियांक सिंह ने आगे बताया, "ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है, जो विकास को बाधित करता है जनपद सीईओ की त्वरित प्रतिक्रिया से न्याय की उम्मीद जगी है। यह सिर्फ एक शुरुआत है; आगे भी ऐसे मामलों पर नजर रखी जाएगी।" ठाकुर सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी अनियमितता की सूचना बिना डर के दें, ताकि प्रशासन को मजबूत किया जा सके। यह घटना मध्य प्रदेश के ग्रामीण प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार की समस्या को उजागर करती है। राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन ऐसे मामलों से स्पष्ट होता है कि स्थानीय स्तर पर निगरानी की आवश्यकता है। इस मामले की जांच से अन्य पंचायतों में भी सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत किया गया रेंडमाइजेशन




**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अध्यक्ष नगर पालिका श्री घनश्याम जायसवाल की उपस्थिति में एनआईसी शहडोल में रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के पश्चात योजना के तहत चयनित तीर्थयात्रियों की सूची जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियो एक्का, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री संजय खरे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला अशोकनगर की विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक कार्यालय पर संपन्न हुई




**गोलू यादव**

बैठक शुरुआत आदरणीय प्रांत सह मंत्री, जिला जिला पालक मलखान सिंह राजपूत जी राम दरबार की पूजा अर्चना कर शुरुआत की बाद में अगले माह धर्म रक्षा निधि सभी को व्रत लिया गया, बजरंग दल कबड्डी प्रतियोगिता जिला केंद्र 21 जनवरी को खेली जाएगी जिसमें सभी प्रखंड के युवा बजरंगी शामिल होंगेऔर समय दानी कार्यकर्ताओं की सूची जिला समिति एवं सभी प्रखंडों से ली गई और श्री राम उत्सव कितने स्थान पर तय हुई उसकी भी सूची बनाने को कहा। बैठक में उपस्थित आदरणीय प्रांत सेवा प्रमुख मुन्ना लाल शास्त्री जी भाई साहब विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंहं जी विभाग मंत्री दिलीप सिंह कुशवाह विभाग संयोजक Ved Lodhi भाई साह विभाग से मंत्री Ramveer Yadav जी जिला मंत्री एवं जिला कार्यकारिणी समस्त प्रखंडों से अध्यक्ष मंत्री संयोजक सभी बैठक मौजूद रहे।

# आईपीएस सर्विस मीट की कल्चरल विजेता बनी वेस्ट जोन (उज्जैन) की टीम जबकि ईस्ट जोन की टीम दूसरे पायदान पर रही

भोपाल में चल रही दो दिवसीय आईपीएस ऑफिसर्स सर्विस मीट के अंतर्गत आज पहले दिन पुलिस ऑफिसर्स मेस में संस्कृत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसके अंतर्गत वेस्ट जोन (उज्जैन) की टीम को प्रथम पुरस्कार दिया गया जिसका नेतृत्व एडीजी उज्जैन उमेश जोगा कर रहे थे उनके साथ समन्वयक आई.जी श्री चंद्रशेखर सोलंकी और श्री अनुराग




शामिल रहे, वेस्ट जोन टीम उज्जैन को प्रथम पुरस्कार उसकी सांस्कृतिक प्रस्तुति मालवा हेरिटेज और महाकाल स्तुति के लिए प्रदान किया गया। जबकि नॉर्थ जोन की टीम चौथी, मध्य जोन की टीम तीसरे और ईस्ट जोन की टीम दूसरे पायदान पर रही। विजेता टीमों को डीजीपी कैलाश मकवाना और IPS एसोसिएशन के अध्यक्ष चंचल शेखर ने पुरस्कृत किया।

# भोपाल का स्कूल प्रिंसिपल अबान शकील बना एमडी ड्रग्स तस्करी का सरगना, इंदौर पुलिस ने वैभव उर्फ बाबा शर्मा सहित चार आरोपियों को दबोचा, लग्जरी गाड़ियों से चलता था नशे का नेटवर्क

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। इंदौर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले एक शातिर और अंतरराज्यीय गिरोह का बड़ा खुलासा किया है। इस सनसनीखेज मामले में सबसे चौंकाने वाला नाम अबान शकील, पिता शकील मोहम्मद, निवासी कोहेफिजा भोपाल का सामने आया है, जो भोपाल के एक निजी स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत था। पुलिस जांच में सामने आया है कि समाज में सम्मानित पद पर रहने वाला अबान शकील अंदरखाने एमडी ड्रग्स की तस्करी में लिप्त था और लग्जरी जीवनशैली के लिए नशे के इस काले कारोबार को अंजाम दे रहा था।

इंदौर पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री अमित सिंह तथा पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री कुमार प्रतीक द्वारा मुखबिर तंत्र को मजबूत कर नशे के सौदागरों पर निर्णायक प्रहार के निर्देश दिए गए थे। इसके पालन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेंद्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में थाना कनाड़िया पुलिस ने इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने की रणनीति तैयार की। थाना कनाड़िया पुलिस ने 12 जनवरी 2026 को आरोपी अबान शकील को मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 29/26 दर्ज किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह महिंद्रा कंपनी की थार गाड़ी का उपयोग कर ड्रग्स की तस्करी करता था। पुलिस ने उक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। न्यायालय से पुलिस रिमांड मिलने के बाद की गई गहन पूछताछ में अबान शकील ने अपने नेटवर्क के एक और अहम चेहरे वैभव उर्फ अरुण उर्फ बाबा शर्मा का नाम उजागर किया।







इसके बाद थाना कनाड़िया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैभव उर्फ बाबा शर्मा, उम्र 30 वर्ष, निवासी महालक्ष्मी नगर इंदौर को दो युवतियों के साथ मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस टीम को डीपीएस स्कूल बायपास के पास एक बिना नंबर की फोर्ड कंपनी की इको स्पोर्ट गाड़ी संदिग्ध हालत में खड़ी दिखाई दी। जांच के दौरान वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी में उसके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी वैभव उर्फ बाबा शर्मा ने बताया कि उसके साथ कार में बैठी दो युवतियों के पास भी ड्रग्स है। इसके बाद विधिवत तलाशी में नेहा झा उर्फ रिशु, पिता अजय झा, निवासी शिवाजी नगर साईनाथ चौक मरोल अंधेरी पूर्व मुंबई तथा अलीशा मसीह उर्फ जैनी, पिता अनिल मसीह, उम्र 24 वर्ष, निवासी सुभाष नगर रतलाम के पास से भी एमडी ड्रग्स की पुड़ियां बरामद की गईं।

**पूछताछ में सामने आया**

वैभव उर्फ बाबा शर्मा इवेंट कंपनी के नाम पर बड़ी-बड़ी पार्टियों का आयोजन करता था और उन्हीं पार्टियों में बार, क्लब और पब के जरिए युवाओं को महंगे दामों पर एमडी ड्रग्स की सप्लाई कराता था। पुलिस चेकिंग से बचने और अमीर तबके तक आसानी से पहुंच बनाने के लिए गिरोह में युवतियों को शामिल किया गया था। प्रारंभिक जांच में बाबा शर्मा के तार गोवा सहित कई अन्य राज्यों के क्लबों और बारों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना कनाड़िया इंदौर में अपराध क्रमांक 37/2025 धारा 8/22 नारकोटिक्स ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अब तक कुल 15.95 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक महिंद्रा थार गाड़ी और एक फोर्ड इको स्पोर्ट गाड़ी जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 32 लाख रुपये आंकी गई है।

**गिरफ्तार आरोपियों में**

- अबान शकील,
- वैभव उर्फ अरुण उर्फ बाबा शर्मा,
- अलीशा मसीह उर्फ जैनी,
- नेहा झा उर्फ रिशु शामिल हैं।

**इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है**

पुलिस रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि एमडी ड्रग्स की सप्लाई कहां से हो रही थी और किन-किन बार अथवा क्लब संचालकों की इस अवैध कारोबार में भूमिका रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नशे से जुड़े किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए कनाड़िया पुलिस इंदौर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## थाना मायापुर पुलिस द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने बाले 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया

दिनांक 02.01.2026 को फरियादी श्यामबिहारी पुत्र रामसिंह लोधी उम्र 20 साल निवासी ग्राम अहारवानपुर ने आरोपीगण चम्पा केवट, दिलीप केवट, सत्तू केवट, कल्लन केवट, दीपक केवट, देवा केवट के विरूद्ध अश्लील गालियां देने व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट की थी फरियादी की



रिपोर्ट पर से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे टीम बना कर आज दिनांक 16.01.2026 को थाना मायापुर के अपराध क्र. 05/26 धारा 296,115(2),118(1),351(3), 3 (5) बीएनएस ईजाफा 118(2) बीएनएस के आरोपीगणों 1. चम्पा उर्फ चम्पालाल पुत्र शिवदयाल केवट उम्र 34 साल 2. सत्तू उर्फ देवलाल केवट उम्र 36 साल 3. कल्लन पुत्र लक्ष्मण केवट उम्र 35 साल 4. दीपक पुत्र अशोक केवट उम्र 23 साल 5. देवा उर्फ देवेन्द्र पुत्र शिवदयाल केवट उम्र 32 साल निवासी गण ग्राम अहारवानपुर थाना मायापुर जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर आलाजरर जप्त किया गया है एवं आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया।

# राजगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध शराब विक्रय करने वाले आरोपी के घर से 20 पेटी बीयर जब्त

**राजगढ़ थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को किया गिरफ्तार तथा घर से 20 पेटी बीयर जब्त की गई है**


**दिलीप पाटीदार**

पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी द्वारा आगामी बसंत उत्सव को शांति पूर्ण सम्पन्न करने हेतु जिला धार में अवैध गतिविधी एवं अवैध शराब विक्रय करने वाले पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने व कडी से कडी कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित किया गया हैं । इस हेतु पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारुल बेलापुरकर के निर्देशन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में अवैध गतिविधीयों पर रोक लगाने हेतु एक टीम का गठन किया गया ।थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि 15 जनवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि रुपसिह पिता बापु खराडी निवासी टिकमाझिरी का अपने घर मे अवैध रूप से शराब का भंडारण कर विक्रय किया जा रहा है। सूचना के आधार पर राजगढ़ थाना पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी। सूचना पर थाने से सउनि रईश खान, सउनि जितेन्द्र सांकला, सेनिक रतन डिडोर, सेनिक गजराज, रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पंहुचे जंहा आरोपी रूपसिंह खराडी उपस्थित मिला जिसके समक्ष उसके घर की तलाश करते आरोपी के बिस्तर पेटी में 20 पेटी माउंट बीयर की रखी मिली, उक्त अवैध बीयर को बस्तर पेटी से बाहर निकाल कर समक्ष पंचान 20 पेटी माउंट बीयर कुल 240 बल्क लीटर किमती 62400/- रू की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।उक्त शराब व आरोपी को थाने लाकर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय सरदारपुर पेश किया गया तथा आरोपी का पीआर लिया जाकर आरोपी से अवैध शराब लाने व विक्रय करने के संबंध में पुछताछ जारी हैं राजगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

**सराहनिय भुमिका**

उक्त कार्यवाही में सउनि जितेन्द्र सांकला, सउनि रईश खान, प्रआर प्रकाश वसुनिया, आरक्षक दिलीप, आरक्षक दिनेश ओहरी, आरक्षक सुनिल मोर्य, सेनिक रतन डिंडोर, सेनिक गजराज की सराहनीय भुमिका रही है । पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

# खिलाड़ियों के बॉयकॉट के बाद बीसीबी ने उठाया बड़ा कदम



**ढाका, एजेंसी।** बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और क्रिकेट गतिविधियों के पूरी तरह से बॉयकॉट के बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम को बोर्ड की फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन के पद से हटा दिया है। यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा देश में बांग्लादेश प्रीमियर लीग सहित सभी तरह के क्रिकेट को रोकने के बाद लिया गया है।

एक मीडिया रिलीज में बीसीबी ने कहा कि यह फैसला प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने 'हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा के बाद और संगठन के सर्वोत्तम हित में' लिया है, और यह तुरंत प्रभावी होगा। द डेली स्टार के अनुसार बीसीबी ने कहा, 'यह फैसला बीसीबी संविधान के अनुच्छेद 31 के तहत बीसीबी प्रेसिडेंट को दी गई अथॉरिटी के अनुसार लिया गया है और इसका मकसद बोर्ड के मामलों के लगातार सुचारू और प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करना है।' अगले आदेश तक बुलबुल फाइनेंस कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन के रूप में काम करेंगे। यह कदम तब उठाया गया है जब गुरुवार को चटोग्राम रॉयल्स और नोआखली एक्सप्रेस के बीच बांग्लादेश

## डायरेक्टर नजमुल इस्लाम को हटाया

प्रीमियर लीग का 25वां मैच रद्द कर दिया गया क्योंकि खिलाड़ियों ने अपना बॉयकॉट जारी रखा और मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आने से इनकार कर दिया। मैच दोपहर 1:00 बजे शुरू होना था और टॉस 12:30 बजे होना था। नजमुल को हटाने के बाद बोर्ड ने खिलाड़ियों से बॉयकॉट खत्म करने और बीसीबी में लौटने का आग्रह किया। रिलीज में आगे कहा गया है, 'बोर्ड अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी खिलाड़ियों के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस संबंध में बीसीबी को उम्मीद है कि सभी क्रिकेटर बांग्लादेश क्रिकेट की बेहतरी के लिए उच्चतम स्तर की व्यावसायिकता और समर्पण का प्रदर्शन जारी रखेंगे और बांग्लादेश प्रीमियर लीग में लगातार भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे।'

सूर्यकुमार यादव पर विवादित बयान देने वाली अभिनेत्री बुरी फंसी

# 100 करोड़ का मानहानि का केस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का नाम हाल ही में एक विवाद से जुड़ गया है, जिसने सोशल मीडिया और मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी है। अभिनेत्री खुशी मुखर्जी के एक इंटरव्यू में दिए गए बयान के बाद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने कड़ा रुख अपनाया है। अंसारी ने मुखर्जी के खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर किया है, यह आरोप लगाते हुए कि उनके दावों से न सिर्फ सूर्यकुमार यादव की छवि को नुकसान पहुंचा है, बल्कि यह सब सिर्फ पब्लिसिटी के लिए किया गया।

### क्या है पूरा मामला

यह विवाद 13 जनवरी को सामने आया, जब खुशी मुखर्जी ने एक इंटरव्यू में दावा किया कि भारतीय क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव उन्हें लगातार मैसेज करते थे। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई। हालांकि मुखर्जी ने यह भी कहा था कि उनके और सूर्यकुमार यादव के बीच कभी कोई निजी या रोमांटिक संबंध नहीं रहा, लेकिन उनके बयान को लेकर सवाल उठने लगे।



### फैजान अंसारी ने क्यों उठाया कानूनी कदम

मुंबई निवासी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने इस बयान को गंभीर मानते हुए कानूनी कार्रवाई का फैसला किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

अंसारी का कहना है कि मुखर्जी के आरोप बेबुनियाद हैं और इससे एक राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर की साख को ठेस पहुंची है। स्श्कृदर्ज कराने के लिए अंसारी खुद मुंबई से गाजीपुर पहुंचे, जिससे उनके इरादों की गंभीरता साफ झलकती है।

**'यह सिर्फ पब्लिसिटी स्टंट है'** - अंसारी ने आरोप लगाया कि खुशी मुखर्जी ने जानबूझकर सूर्यकुमार यादव का नाम लिया ताकि उन्हें मीडिया कवरेज और सोशल मीडिया पर सुर्खियां मिल सकें।

### 100 करोड़ रुपए का मानहानि मुकदमा

पत्रकारों से बातचीत में फैजान अंसारी ने बताया कि उन्होंने 100 करोड़ रुपये का मानहानि का केस दायर करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उनकी कानूनी टीम पूरी तरह तैयार है और इससे पहले भी इसी तरह का मुकदमा दायर किया जा चुका है। अंसारी ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं और वह इस मुद्दे को व्यापक स्तर तक ले जाने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

इंडिया ओपन

# केंटा निशिमोटो को हराकर क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य सेन, श्रीकांत और प्रणय बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया ओपन 2026 में गुरुवार को पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन ने अपने मजबूत डिफेंस और तेज खेल की बदौलत जापान के केंटा निशिमोटो को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय का शानदार प्रदर्शन गुरुवार को टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत के लिए नाकाफी रहा। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को लक्ष्य सेन ने केंटा निशिमोटो को 21-19, 21-11 से मात दी। दूसरी ओर, श्रीकांत फ्रांस के बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के विजेता क्रिस्टो पोपोव से 21-14, 17-21, 21-17 से हार गए। वहीं, प्रणय को सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से 18-21, 21-19, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा।



केंटा निशिमोटो के खिलाफ पहले गेम के शुरुआती चरणों में सेन के लिए राह मुश्किल नजर आ रही थी। सेन पहले गेम में जापानी खिलाड़ी से 11-16 और फिर 14-18 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को लंबी रैलियों में उलझाए रखा और निशिमोटो के स्मैश को रोकने के लिए कुछ शानदार रक्षात्मक स्ट्रोक लगाते हुए वापसी की। उन्होंने लगातार पांच अंक जीतकर बढ़त बनाई और फिर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सेन ने अपनी गति में बदलाव किया और जब भी मौका मिला, हमला किया। जैसे-जैसे उनका आत्मविश्वास बढ़ा, 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने हाफ स्मैश को चालाक ड्रॉप शॉट्स के साथ मिलाकर अपने प्रतिद्वंद्वी को भ्रमित रखते हुए 50 मिनट में जीत दर्ज की।



# श्वेता त्रिपाठी ने बताया कैसे गोलू गुप्ता ने बदली उनकी किस्मत

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने मिर्जापुर – द मूवी की मुंबई शेड्यूल की शूटिंग पूरी की। इस बीच अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने इंटरव्यू में कहा कि फिल्म उनके लिए बेहद खास है। उनके किरदार गोलू गुप्ता ने उन्हें सिर्फ पहचान ही नहीं दी, बल्कि अंदर की ताकत और साहस भी दिया है। श्वेता के लिए यह किरदार उनके करियर का एक ऐसा मोड़ है, जिसने दर्शकों की उनकी सोच और उनके लिए उपलब्ध कहानियों को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, फिल्म की शूटिंग पूरी करना मेरे लिए एक भावनात्मक अनुभव रहा। गोलू गुप्ता का किरदार हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा और इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी। मेरा मानना है कि इस किरदार ने मुझे न केवल एक्टिंग में नई चुनौतियां दी हैं, बल्कि मुझे यह भी सिखाया कि कैसे एक महिला किरदार को पूरी गंभीरता और ताकत के साथ पर्दे पर पेश किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, मिर्जापुर को बड़े पर्दे पर लाना रोमांचक भरा अनुभव रहा। इस कहानी और इन किरदारों के लिए दर्शकों का प्यार बहुत गहरा है। शूटिंग के दौरान अपनी पुरानी टीम से फिर से मिलना, खासकर अली फजल से, जो मेरे लिए एक परिवार की तरह है, अच्छा लगा। गोलू के किरदार में वापस उतरना ऐसा था जैसे पुराने घर में नए अंदाज और नई ऊर्जा के साथ लौटना। मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक सिनेमाघरों में इस नए अध्याय का आनंद लें।

मिर्जापुर वेब सीरीज उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में मिर्जापुर जिले की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसकी कहानी अड़गड़ानंद कालीन त्रिपाठी के इर्द–गिर्द घूमती है, जो यहां का डॉन और व्यापारी है। सीरीज का पहला सीजन दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय हुआ और इसने कई नए कलाकारों को पहचान दिलाई। पहले सीजन में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा, विक्रांत मैसी, श्वेता त्रिपाठी, श्रिया पिलगांवकर, रासिका दुगल, हर्षिता गौर और कुलभूषण खरबंदा मुख्य भूमिकाओं में थे।




## मां इंटी बंगारम में नजर आएंगी सामंथा

एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करने जा रही हैं। उनकी आगामी फिल्म मां इंटी बंगारम का टीजर रिलीज हो गया है। 1 मिनट 47 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत एक शांत और भावनात्मक सीन से होती है। सामंथा अपने पति के साथ ससुराल पहुंचती हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ कहती हैं कि वह एक हफ्ते में सभी का दिल जीत लेंगी। वह एक आदर्श बहू बनने की कोशिश करती नजर आती हैं। ससुराल वालों के सामने वह मासूम, शांत और समझदार दिखती हैं, लेकिन कहानी यहीं तक सीमित नहीं रहती।

# दिल्ली का नाथू कॉलोनी फ्लाईओवर होगा ध्वस्त?

## 11 साल में ही हो गया कमजोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में नाथू कॉलोनी फ्लाईओवर अब गंभीर संकट में है। महज 11 साल पुराना यह फ्लाईओवर भारी वाहनों का बोझ सहन करने में कमजोर पाया गया है। दिल्ली विधानसभा की हालिया विंटर सेशन में दी गई जानकारी के अनुसार, इसकी तोड़-फोड़ या बड़े पैमाने पर पुनर्निर्माण की संभावना है।



यह फ्लाईओवर 2015 में दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (छ्ङ्कञ्जष्ठ्ठ) ने बनवाया था। इसका मकसद गाजीपुर बॉर्डर के पास ट्रैफिक जाम कम करना था। 2016 में इसे लोक निर्माण विभाग को रखरखाव के लिए सौंप दिया गया। लेकिन 2018 में ही संरचना में दरारें दिखने लगीं। जांच के बाद 2019 से भारी वाहनों पर रोक लगा दी गई, जो आज तक जारी है। पिछले साल हुई लोड टेस्ट और विजिलेंस जांच से साफ हुआ कि निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता बहुत खराब थी। फ्लाईओवर पर दरारें और गड्ढे पड़ गए हैं। नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (NSUT) ने मई 2025 में लोड टेस्ट किया। रिपोर्ट सितंबर 2025 में आई, जिसके बाद प्राइवेट कंसल्टेंट ने अक्टूबर में अपनी सिफारिशें दीं। जांच में डेक स्लैब में ज्यादा झुकाव पाया गया। दिसंबर 2025 तक पुनर्निर्माण के लिए डिजाइन और ड्रॉइंग भी प्राप्त हो चुकी हैं।

एक स्थानीय विधायक की जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने तुरंत मरम्मत शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विजिलेंस जांच शुरू हुई और सीएम स्तर पर विशेष जांच का आदेश हुआ। पीडब्ल्यूडी अब रिपोर्ट सीएम के सामने रखने वाली है। फैसला होगा तो मरम्मत, पुनर्निर्माण या पूरी तरह तोड़ने का विकल्प सामने आएगा। 20 खंभों और 28 स्लैब्स वाला यह फ्लाईओवर पूर्वी दिल्ली को गाजियाबाद से जोड़ने और भारी माल ढुलाई को आसान बनाने के लिए बनाया गया था।

# दोस्त का पता नहीं बताया तो नाबालिगों ने 16 बार चाकू से गोदा, दिल्ली के बवाना में खौफनाक वारदात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के बवाना इलाके में एक 22 साल के युवक की छह नाबालिगों ने क्रूरता से हत्या कर दी। कारण सिर्फ इतना था कि युवक ने अपने एक दोस्त की जानकारी देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बवाना की जेजे कॉलोनी का रहने वाला रंजन उर्फ गोप्पा बुधवार शाम करीब 6:30 बजे अपने इलाके में था। पुलिस के अनुसार, छह नाबालिग लड़के किसी पुरानी रंजिश के कारण एक अन्य नाबालिग की तलाश में थे। उन्हें पता चला कि रंजन उस लड़के का दोस्त है। इसलिए उन्होंने रंजन से उसकी ठिकाने के बारे में पूछा। रंजन ने जानकारी देने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में झड़प हुई। गुस्से में आए नाबालिगों ने चाकू निकाल लिया और रंजन पर बेरहमी से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, उनमें से कम से कम 16 बार चाकू मारा गया। रंजन गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। उनके दोस्तों ने उन्हें तुरंत महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, पूथ खुर्द ले जाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि जमीन पर खून के धब्बे बिखरे हुए थे। क्राइम टीम और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम बुलाई



गई। जांच में खून से सना चाकू बरामद हुआ। मौके की फोटोग्राफी की गई और अन्य सबूत इकट्ठा किए गए। मृतक के भाई राजा की शिकायत पर नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। आउटर नॉर्थ के डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूत्रों की मदद से पुलिस ने तीन नाबालिगों (15 से 17 वर्ष के बीच) को बावना की एक झुग्गी बस्ती से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन तीनों ने अपना जुर्म कबूल किया।

# दिल्ली में 137 और मोहल्ला क्लीनिक किए जाएंगे बंद, रेखा गुप्ता सरकार ने दिए आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में और 137 मोहल्ला क्लीनिक भी जल्द स्थायी तौर पर बंद कर दिए जाएंगे। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के मोहल्ला क्लीनिक सेल ने इस संबंध में गुरुवार को सभी जिलों के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

इन मोहल्ला क्लीनिकों के स्थायी तौर पर तौर पर बंद होने के बाद दिल्ली में अब गिनती के ही मोहल्ला क्लीनिक बचेंगे। दिल्ली में 540 से अधिक मोहल्ला क्लीनिक थे। राजधानी में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के विकसित होने के साथ ही मोहल्ला क्लीनिक बंद होते जा रहे हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले पिछले महीने भी दिल्ली सरकार की ओर से 95 मोहल्ला क्लीनिक बंद करने के आदेश दिए गए थे। बंद किए जा रहे सभी मोहल्ला क्लीनिक पूर्व की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार में बने थे।

बता दें कि 'आप' के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इन मोहल्ला क्लीनिकों को दिल्ली में अपनी सरकार के बड़े गुड वर्क के रूप में पेश करते थे। वहीं दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केजरीवाल सरकार पर आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की आड़ में 10 साल तक घोटाला करने का आरोप लगाती रही है।

राजधानी में आरोग्य मंदिरों को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सियासत गरमा गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व की आप सरकार ने दिल्ली को विकास से वंचित रखा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र सरकार की योजना है। इसे विभिन्न राज्य सरकारों के साथ ही सभी नगर




निगम, पंचायत तक लागू कर रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मकर संक्रांति के दिन राजधानी में 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के उद्घाटन के बाद कहा कि राजधानी के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराना सरकार का लक्ष्य है। रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में अब आरोग्य मंदिरों की संख्या बढ़कर 319 हो गई है, जनता को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लगातार इन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से हम दिल्ली के प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक सुविधाजनक प्लैटफॉर्म दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों में जितनी सुविधाएं हैं उससे यह एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में काम करते हैं।

# यमुना प्रदूषण पर रहेगी पैनी नजर

## ● दिल्ली में लगेंगे 41 रीयल-टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की यमुना नदी सालों से सीवेज और इंडस्ट्रियल कचरे की वजह से जिंदगी की सांसें लेने को तरस रही है। लेकिन अब बड़ा कदम उठाया जा रहा है। मार्च 2026 तक यमुना और उसमें गिरने वाली प्रमुख नालियों पर 41 रीयल-टाइम ऑनलाइन मॉनिटरिंग स्टेशन (ह्म्रूस्) लगाए जाएंगे। अधिकारी बताते हैं कि इससे पहली बार प्रदूषण के स्तर में अचानक बढ़ोतरी (स्पाइक) को तुरंत ट्रैक किया जा सकेगा, ठीक वैसे ही जैसे हवा की क्वालिटी का त्द्ध दिखता है।

फिलहाल दिल्ली में यमुना की पानी की क्वालिटी को रीयल-टाइम में मॉनिटर करने की कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति हर महीने सिर्फ 8 जगहों से सैंपल लेती है, लैब में जांच कराती है और रिपोर्ट वेबसाइट पर डालती है। इस प्रक्रिया में कई हफ्ते लग जाते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ने पर तुरंत कार्रवाई मुश्किल हो जाती है।

यह प्रोजेक्ट पिछले साल मई में घोषित हुआ था। शुरू में 32 स्टेशन लगाने की बात थी, लेकिन बोली नहीं मिलने पर अगस्त में टेंडर बढ़ाकर 41 कर दिया गया। इसमें 5 साल का ऑपरेशन और मेंटेनेंस भी शामिल है। डीपीसीसी बोर्ड मीटिंग में हाल ही में इसे मंजूरी मिली। अधिकारी के अनुसार, महीने के अंत तक कॉन्ट्रैक्ट अवॉर्ड हो जाएगा और इंस्टॉलेशन के बाद दो महीने में यानी मार्च तक सभी स्टेशन चालू हो जाएंगे।

यह प्रोजेक्ट पिछले साल मई में घोषित हुआ था। शुरू में 32 स्टेशन लगाने की बात थी, लेकिन बोली नहीं मिलने पर अगस्त में टेंडर बढ़ाकर 41 कर दिया गया। इसमें 5 साल का



ऑपरेशन और मेंटेनेंस भी शामिल है। डीपीसीसी बोर्ड मीटिंग में हाल ही में इसे मंजूरी मिली। अधिकारी के अनुसार, महीने के अंत तक कॉन्ट्रैक्ट अवॉर्ड हो जाएगा और इंस्टॉलेशन के बाद दो महीने में यानी मार्च तक सभी स्टेशन चालू हो जाएंगे। 6 स्टेशन यमुना नदी के मुख्य पॉइंट्स पर लगेंगे। वहीं 35 स्टेशन दिल्ली और एनसीआर की प्रमुख नालियों पर हैं, जो सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से यमुना में गंदगी डालती हैं। ये स्टेशन फ्लो, पीएच, बीओडी, सीओडी, जीएसएस, टोटल नाइट्रोजन, टोटल फॉस्फोरस, अमोनियम, डिसॉल्व्ड ऑक्सीजन, तापमान और कंडक्टिविटी जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर्स को लगातार मापेंगे। डेटा सीधे डीपीसीसी सर्वर पर जाएगा। 2018 में एनजीटी की यमुना मॉनिटरिंग कमिटी ने बताया था कि दिल्ली में यमुना का सिर्फ 22 किमी लंबा हिस्सा (कुल लंबाई का 2 प्रतिशत) ही कुल प्रदूषण लोड का 76 प्रतिशत जिम्मेदार है। सबसे ज्यादा गंदगी नजफगढ़ नाले से (करीब 70 प्रतिशत) और शाहदरा नाले से (16 प्रतिशत) आती है। हाल ही में अक्टूबर से डीपीसीसी ने यमुना और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का डेटा अपलोड नहीं किया था। एनजीटी के आदेश के बाद नवंबर-दिसंबर का डेटा जनवरी में जारी हुआ।

# भारतीय मूल की डॉक्टर निशा वर्मा कौन हैं? जिनसे पूछा गया- क्या पुरुष प्रेग्नेंट हो सकते हैं

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की सीनेट में गर्भपात की दवा को लेकर हुई सुनवाई के दौरान एक सवाल ने बहस छेड़ दी। इस बहस के केंद्र में रहीं भारतीय मूल की डॉक्टर निशा वर्मा, जिनसे पूछा गया कि क्या पुरुष गर्भवती हो सकते हैं? इस सवाल पर नका जवाब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और राजनीतिक बहस का विषय बन गया है।

यह मामला अमेरिकी सीनेट की हेल्थ, एजुकेशन, लेबर एंड पेंशन्स कमेटी की सुनवाई का है, जहां गर्भपात की दवा मिफेप्रिस्टोन की सुरक्षा और इसके दुरुपयोग पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान रिपब्लिकन सांसदों ने डॉक्टर वर्मा से यह सवाल किया।

पहले सीनेटर एश्ले मूडी और फिर सीनेटर जोश हॉले ने उनसे सीधे तौर पर पूछा कि क्या पुरुष गर्भवती हो सकते हैं। डॉक्टर वर्मा ने इसका सीधा हां या नहीं में जवाब नहीं दिया। डॉक्टर निशा वर्मा ने कहा कि उन्होंने इसलिए सीधा जवाब देने से परहेज किया क्योंकि बातचीतकी दिशा और उद्देश्य उन्हें स्पष्ट नहीं लग रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि वे अलग-अलग पहचान वाले मरीजों का इलाज करती हैं। सीनेटर जोश हॉले ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि सवाल राजनीति का नहीं बल्कि जीवविज्ञान और विज्ञान का है। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टर वर्मा यह मानने से बच रही हैं कि जैविक रूप से पुरुष गर्भवती नहीं होते। इसके जवाब में डॉक्टर वर्मा ने कहा, चिकित्सा में विज्ञान और प्रमाणों का मार्गदर्शन



होना चाहिए, लेकिन ऐसे हां-ना वाले सवालों का इस्तेमाल अक्सर राजनीतिक हथियार के तौर पर किया जाता है। कौन हैं डॉक्टर निशा वर्मा?

निशा वर्मा का जन्म अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के ग्रीन्सबोरो शहर में हुआ। उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं। उन्होंने जीवविज्ञान और मानवशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई की और इसके बाद यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना से मेडिकल डिग्री हासिल की। उन्होंने बेथ इजरायल डीकॉनेस मेडिकल सेंटर से ऑब्स्टेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी में रेजिडेंसी पूरी की। वे फिजिशियंस फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ की फेलो भी हैं। एकेडमी हेल्थ के अनुसार, निशा वर्मा अमेरिकन कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिशियंस एंड गायनेकोलॉजिस्ट्स में रिप्रोडक्टिव हेल्थ पॉलिसी और एडवोकेसी की सीनियर एडवाइजर हैं। इसके अलावा, वे एमोरी यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में एडजंक्ट असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में भी काम कर रही हैं।

# आसमान में फैला खौफ! विमान में बम की खबर से मचा हड़कंप, इमरजेंसी लैंडिंग

**बार्सिलोना, एजेंसी।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब उड़ान के दौरान अचानक विमान में बम होने की सूचना मिली। इस धमकी के बाद पायलट ने तुरंत सतर्कता बरतते हुए स्पेन के बार्सिलोना एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग कराई। राहत की बात यह रही कि गहन तलाशी के बाद विमान में कोई भी विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला। विमान जब अपनी निर्धारित ऊंचाई पर उड़ान भर रहा था तभी बम की खबर ने यात्रियों और क्रू मेंबर्स के होश उड़ा दिए। धमकी मिलते ही पायलट ने किसी भी तरह का जोखिम न लेते हुए एटीसी से नजदीकी एयरपोर्ट पर उतरने की इजाजत मांगी। बार्सिलोना एयरपोर्ट पर विमान को एक अलग रनवे पर सुरक्षित उतारा गया जहां पहले से ही सुरक्षा एजेंसियां और फायर टेंडर तैनात थे। विमान के लैंड होते ही सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सभी यात्रियों को विमान से बाहर निकालकर एक सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया गया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड ने विमान के कोने-कोने, सीटों और यात्रियों के सामान की बारीकी से जांच की। घंटों चले इस सर्च ऑपरेशन के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की कि विमान के अंदर से कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। यह महज एक अफवाह साबित हुई। हाल के महीनों में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को इस तरह की फर्जी धमकियां मिलने के मामले बढ़े हैं। इस घटना के कारण यात्रियों को घंटों तक एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा और विमान की अगली उड़ान में भी काफी देरी हुई। पुलिस और साइबर टीमें अब उस स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं जहां से यह धमकी भेजी गई थी। अधिकारियों का कहना है कि फर्जी धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

यदि दावेदारों की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो अन्नू शर्मा महाराज ( पठार) ये और इनका परिवार हमेशा से महाराज सिंधिया जी का समर्थक रहा है

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने चर्चा के दौरान कहा संक्रांति बाद होगी घोषणा सभी दावेदार मेरे नजदीक

**गोलू यादव**

अशोकनगर। भाजपा संगठन ने जिला एवं मंडल अध्यक्ष के चुनाव के बाद युवा मोर्चा चुनाव की हलचल तेज हो गई और संगठन की रीड कहे जाने वाले युवामोर्चा जिला अध्यक्ष को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जल्द ही इसकी घोषणा की संभवतः मकर संक्रांति बाद होना था लेकिन संभवतः शीघ्र ही घोषणा होने की संभावना है।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है। उनमें प्रमुख रूप से। अन्नू शर्मा (महाराज) पठार, कृष्ण यादव दुर्गा कॉलोनी एवं रामू रघुवंशी इन तीन नाम को लेकर युवाओं में और शहर में काफी चर्चा चल रही है और है तीन नाम तेजी से एवं मोर्चा जिलाध्यक्ष की दौड़ लिस्ट में चल रहे हैं। शहर में चर्चा है कि यह चेहरे किसी न किसी बड़े नेता के करीब भी माने जाते हैं। लेकिन इनमें अधिकतर ऐसे नाम है। जिन्हें संगठन का पुराना एवं समर्पित एवं जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता कहा जा सकता है। यही कारण है कि कार्यकर्ताओं के एक वर्ग में अंदरूनी असंतोष भी देखने को मिल रहा है। पार्टी के भीतर है अभी चर्चा है कि इन दावेदारों में से कोई भी केंद्रीय नेतृत्व या सिंधिया समर्थक खेमे का सीधा प्रतिनिधि नहीं माना जा रहा है


अन्नू शर्मा महाराज


रामू रघुवंशी


कृष्णा यादव


प्रदीप पाल

**संगठनात्मक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होते ही शहर से लेकर गांव तक गली से लेकर मोहल्ला तक चर्चाओं का बाजार गर्म है**

सभी दावेदारों के अपने-अपने स्थानीय नेताहैं जिनके सहारे वे संगठन में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

यदि दावेदारों की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो अन्नू शर्मा महाराज ( पठार) ये और इनका परिवार हमेशा से महाराज सिंधिया जी का समर्थक रहा है और माना जाता है कि अनु महाराज एक ऐसे युवा नेता है। जो पहले भी वार्ड में प्रतिनिधि के तौर पर चुने गए हैं। एवं वार्ड में जिले में इसके साथ ही युवाओं को लेकर बड़ी पकड़ रखते हैं हर समाज के युवाओं से एक बेहतरीन पकड़ और युवाओं से ज्यादा जुड़ाव माना जाता है इनका रूबरू अंदाज युवाओं की पहली पसंद है सूत्रों के मुताबिक हलचलों में जो चर्चा है जो चर्चा का विषय है तो युवाओं की पहली पसंद अन्नू शर्मा महाराज को बताया जा रहा है। सबसे पहले अन्नू शर्मा महाराज का नाम चर्चाओं में आया था, इसके साथ ही रामू रघुवंशी पूर्व विधायक अशोकनगर के करीबी है इसी के आधार पर उनका नाम आगे बढ़ रहा है। कृष्ण यादव को जिला पंचायत अध्यक्ष और मुंगावली विधायक के पुत्र अर्जुन सिंह का करीबी बताया जाता है भाई प्रदीप पाल अशोक नगर पूर्व विधायक के करीबी माने जाते हैं और इसी आधार पर उनका नाम भी दौड़ में शामिल है। इन सब नाम को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है क्या भाजपा युवा मोर्चा जैसे संगठन को आगे बढ़ाने के लिए किसी नए, अनुभवी और संगठन से जुड़े चेहरे को मौका नहीं दे सकती, कार्यकर्ताओं का कहना है। कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ की हड्डी माना जाता है।

जहां से भविष्य के नेता निकलते हैं।ऐसे में यदि राजनीतिक नजदीकियों और जातिगत समीकरणों के आधार पर नियुक्ति की जाएगी तो इसका सीधा असर संगठन की मजबूती पर पड़ेगा पिछड़े वर्ग से जुड़े कई कार्यकर्ताओं का आरोप है। भाजपा लगातार यादव और रघुवंशी समाज को ही प्राथमिकता दे रही है। जबकि अन्य पिछडे वर्गों को नजर अंदाज किया जा रहा है। इससे पार्टी के भीतर संतुलन की स्थिति बन रही है कुछ के करता हूं ना तो यह भी कहना शुरू कर दिया है यदि यही स्थिति बनी रही तो जमीनी कार्यकर्ता खुद को हाशिए पर महसूस करेंगे। कुल मिलाकर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद को लेकर चल रही है चर्चा केवल नियुक्ति को लेकर सीमित नहीं है बल्कि यह भाजपा की संगठनात्मक नीति बा सामाजिक संतुलन पर भी सवाल खड़े कर रही है अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व किस नाम पर मोहर लगता है। क्या वह कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं पर खड़ा उतर पाता है कि नहीं।

## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

# भारतीय आध्यात्म के विज्ञान को समझें सहजयोग से

जब हम किसी का स्पर्श करते हैं तब उंगलियों के पोर ही सर्वप्रथम स्पर्श का आभास पाते हैं। कई बार किसी का स्पर्श करते ही हमें नकारात्मकता का बोध होता है और हम तत्काल हाथ पीछे खींच लेते है। जब हम सहज योग से जुड़ते हैं और आत्मसाक्षात्कार पाते हैं तब विद्युत के प्रवाह सा, पर शीतल चैतन्य हमारे संपूर्ण शरीर में प्रवाहित होने लगता है और उंगलियों के अग्रभाग पर यह सर्वाधिक केंद्रित होता है। हथेली सदैव हमारी संवेदनाओं की वाहक रही है। जब भी हम किसी को तसल्ली देना चाहते हैं, आश्वस्त करना चाहते हैं तब हमारी हथेली स्वयंमेव उनके कंधे या हाथों का स्पर्श कर हमारी संवेदना उनतक पहुंचाने का प्रयास करती है। धन्वंतरि जी जिन्होंने 'चिकित्सातत्त्वविज्ञानतन्त्र' की रचना की थी, उन्हें संपूर्ण विश्व जानता और मानता है, वे संक्रमण रोग से बाधित व्यक्ति में अपने उंगलियों के पोर से विद्युत सम अपनी आंतरिक ऊर्जा प्रवाहित कर उन्हें रोग मुक्त कर दिया करते थे।

कालांतर में स्पर्श चिकित्सा भी विकसित हुई थी। कई गुरु अपने स्पर्श से मरीजों को निरोगी बना देते थे। आज कलियुग में सामान्य मानव भी बड़ी सहजता से उंगलियों के पोर पर चैतन्य की अनुभूति पा लेता है और अपने स्वयं के अंदर या किसी और व्यक्ति के अंदर समस्या कहां है इसे चैतन्य के माध्यम से जान पाता है। इस ईश्वरीय ऊर्जा की अनुभूति पाने के लिए हमें अपनी ही आत्मा से जुड़ना होगा। हमारी आत्मा हमारे अंदर है, पर हम सदैव उससे जुड़े हुये नहीं होते हैं। अपनी आत्मा से जुड़ने के लिए हमारे अंदर शुद्ध इच्छा होनी चाहिए और अपनी बुद्धि और अहंकार से परे होते हुये हमें परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी प्रणीत सहज योग के माध्यम से आत्मसाक्षात्कार लेकर रोज कुछ देर ध्यानरत रहने का अभ्यास करना होगा। हमारे अंदर स्थित सूक्ष्म शरीर की नाड़ियाँ हमारी हथेली व उंगलियों से जुड़ी हुई हैं। जब सहज योग की पद्धति से हम ध्यान करते हैं तब चैतन्य प्रवाह शीतल व निर्बाध होता है। पर यदि हमारे अंदर कहीं अस्वस्थता हो या कोई बाधा हो तो जिस जगह समस्या है वहां स्थित चक्र से हमारी संबंधित उंगली में गर्म चैतन्य या चुभन का आभास होता है ऐसे में हम उस चक्र पर कुछ देर ज्यादा ध्यान कर अपनी समस्या से निजात पाते हैं।



दूसरों को भी यदि आवश्यकता हो तो सहज योगी अपनी हथेली के माध्यम से उन्हें चैतन्य देते हैं ताकि उनके अंदर यदि कहीं कुछ नकारात्मक हो तो उसे दूर कर सके। तब भी संबंधित व्यक्ति के अंतर्स्थिति का आभास उंगलियों के पोर पर हो जाता है। इस घोर कलियुग में इस ईश्वरीय अनुभूति को समझना अद्भुत संयोग ही होगा। हर व्यक्ति को इसे पाने का अधिकार है। पेड़ पौधे, पशु पक्षी व अपने आसपास के पर्यावरण को भी चैतन्य से सुरक्षित कर सकते हैं। तो चलिए इस अद्भुत ज्ञान को जिसे आध्यात्म का विज्ञान भी कहते हैं से जुड़ें और अपनी अंतरआत्मा से जुड़कर हम अपनी हथेलियों पर अपने संपूर्ण शरीर की स्थिति को समझें और अपने चिकित्सक स्वयं बनें। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888